भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3090
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसम्बर, 2024 को दिया जाना है

उच्च न्यायालयों के क्षेत्राधिकार

3090. श्री बृजमोहन अग्रवाल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्च न्यायालयों और उनकी न्यायपीठों के क्षेत्राधिकार का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्य सरकारों से उच्च न्यायालयों और उनकी न्यायपीठों की स्थापना के लिए प्राप्त अनुरोधों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस संबंध में की गई कार्रवाई का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ; और

(घ) देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार उक्त अलग-अलग उच्च न्यायालयों और उनकी न्यायपीठों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है ?

उत्तर

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

(क) : उच्च न्यायालयों और उनकी न्यायपीठों की अधिकारिता को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार दर्शित करने वाला विवरण **उपाबंध** पर है ।

(ख) से (घ) : उच्च न्यायालय की न्यायपीठों को जसवंत सिंह आयोग द्वारा की गई सिफारिशों और शीर्ष न्यायालय द्वारा डब्ल्यूपी(सी) 2000 की रिट याचिका सं. 379 में दिए गए निर्णय के अनुसार और राज्य सरकार से पूर्ण प्रस्ताव, जिसमें आवश्यक व्यय और अवसंरचना सुविधाओं का उपबंध किया जाना होता है, पर सम्यक् विचारण करने के पश्चात् तथा संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति, जिससे उच्च न्यायालय के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन को देखने की अपेक्षा होती है, की सिफारिश के पश्चात् स्थापित किया जाता है । पूर्ण प्रस्ताव पर संबंधित राज्य के राज्यपाल की भी सहमति होनी चाहिए । वर्तमान में, किसी भी उच्च न्यायालय की न्यायपीठ (न्यायपीठें) स्थापित करने का कोई पूर्ण प्रस्ताव सरकार के पास लंबित नहीं है |

नागालैंड राज्य के लिए एक पृथक उच्च न्यायालय की स्थापना के लिए नागालैंड के मुख्यमंत्री द्वारा अनुरोध किया गया था जिसके लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, **1971** में संशोधन करना अपेक्षित होगा।

****

उपाबंध

क्र. सं.	उच्च न्यायालय	प्रधान स्थान	अधिकारिता	स्थायी न्यायपीठ और तारीख जिससे न्यायपीठ ने कार्य करना प्रारंभ किया
1	इलाहाबाद	प्रयागराज	उत्तरप्रदेश	1. लखनऊ (01.07.1948)
2	आंध्र प्रदेश	अमरावती	आंध्र प्रदेश	-
3	बॉम्बे	मुंबई	महाराष्ट्र; गोवा; दादरा और नागर हवेली और दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र	2. नागपुर (01.05.1960) 3. पणजी (01.07.1948) 4. औरंगाबाद (27.08.1984)
4	कलकत्ता	कोलकाता	पश्चिमी बंगाल एंव और अंदमान और निकोबार द्वीप (संघ राज्यक्षेत्र)	सर्किट खंडपीठ - 5.पोर्ट ब्लेयर (2.5.1950) 6. जलपाईगुड़ी (7.2.2019)
5	छत्तीसगढ़	बिलासपुर	छत्तीसगढ़	-
6	दिल्ली	नई दिल्ली	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	-
7	गुवाहाटी	गुवाहाटी	असम, नागालैंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश	7. कोहिमा,(10.02.1990) 8. आइजोल , (05.07.1990) 9. ईटानगर (12.08.2000)
8	गुजरात	सोला(अहमदाबाद)	गुजरात	-
9	हिमाचल प्रदेश	शिमला	हिमाचल प्रदेश	-
10	जम्मू-कश्मीर और लद्दाख	जम्मू और श्रीनगर	जम्मू - कश्मीर और लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र	-
11	झारखंड	रांची	झारखंड	-
12	कर्नाटक	बैंगलोर	कर्नाटक	10. धारवाड़ (24.08.2008) 11. गुलबर्गा (31.08.2008)
13	केरल	कोच्चि	केरल और लक्षद्वीप द्वीप समूह (संघ राज्यक्षेत्र)	-
14	मध्य प्रदेश	जबलपुर	मध्य प्रदेश	12. ग्वालियर (01.11.1956) 13. इंदौर (01.11.1956)
15	मद्रास	चेन्नई	तमिलनाडु और पुडुचेरी (संघ राज्यक्षेत्र))	14. मदुरई (24.07.2004)
16	मणिपुर	इम्फाल	मणिपुर	-
17	मेघालय	शिलांग	मेघालय	-
18	उड़ीसा	कटक	ओडिशा	-
19	पटना	पटना	बिहार	-
20	पंजाब और हरियाणा	चंडीगढ़	पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ (संघ राज्यक्षेत्र)	-
21	राजस्थान	जोधपुर	राजस्थान	15. जयपुर (31.01.1977)
22	सिक्किम	गंगटोक	सिक्किम	-
23	तेलंगाना	हैदराबाद	तेलंगाना	-
24	त्रिपुरा	अगरतला	त्रिपुरा	-
25	उत्तराखंड	नैनीताल	उत्तराखंड	-

****